# सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
## राजभाषा अनुभाग

सं. 20–07/12/16-राभा. **कार्यालय ज्ञापन** दिनांक 30.8.2017

**विषय - हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन ।**

संस्थान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 14.09.2017 से 29.09.2017 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है । इसके अंतर्गत दिनांक 14.09.2017 को हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन समारोह एवं दिनांक 29.09.2017 को हिंदी पखवाड़ा समापन व पुरस्कार वितरण समारोह का कार्यक्रम रहेगा । पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे -

| दिनांक | समय | कार्यक्रम/प्रतियोगिता | स्थान. |
|---|---|---|---|
| **14.09.2017** | पूर्वा. 11.00 बजे | हिंदी पखवाड़ा **उद्घाटन** समारोह | सेमिनार हॉल |
| | सायं 05.00 बजे तक | हिंदी स्लोगन प्रतियोगिता ***(विषय - सड़क सुरक्षा)*** | राजभाषा अनुभाग |
| 15.09.2017 | अप. 03.00 बजे | निबंध लेखन प्रतियोगिता (दो वर्गों में)<br>***विषय* - डिजिटल भारत में हिंदी की उपयोगिता** | कॉफ्रेंस कक्ष, प्रशासन |
| 18.09.2017 | अप. 03.00-05.00 | हास्य कवि सम्मेलन | सेमिनार हॉल |
| 19.09.2017 | सायं 05.00 बजे तक | तकनीकी लेखन प्रतियोगिता (दो वर्गों में)<br>***विषय*** - संस्थान के कार्यक्षेत्र/आरएंडडी संबंधी वैज्ञानिक/तकनीकी लेख. | राजभाषा अनुभाग |
| 20.09.2017 | अप. 03.00 बजे | श्रुतलेख प्रतियोगिता (दो वर्गों में) | सेमिनार हॉल |
| 21.09.2017 | मध्या. 12.00 बजे | **विशिष्ट हिंदी व्याख्यान** (आमंत्रित विशेषज्ञ) | सेमिनार हॉल |
| 22.09.2017 | अप. 03.00 बजे | हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (क्विज) | सेमिनार हॉल |
| 25.09.2017 | अप. 03.00 बजे | समाचार वाचन प्रतियोगिता | सेमिनार हॉल |
| 26.09.2017 | अप. 03.00 बजे | तकनीकी प्रस्तुतीकरण (डा. रविंद्र कुमार, टीपी प्रभाग)<br>***विषय*** - ईंधन की खपत पर सड़क और यातायात की स्थिति का प्रभाव. | सेमिनार हॉल |
| 29.09.2017 | अप. 02.45 बजे | **पुरस्कार वितरण** व समापन कार्यक्रम | सेमिनार हॉल |

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेताओं को नकद पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र दिए जाएंगे । इस वर्ष पुरस्कार की राशि बढ़ा दी गई है जिसके अनुसार प्रत्येक वर्ग में **प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ** पुरस्कार के लिए क्रमशः 3000/-, 2500/-, 2000/- व 1500/- रूपये प्रोत्साहन के रूप में दिए जाएंगे । निबंध लेखन, तकनीकी लेख एवं श्रुतलेख अर्थात **03 प्रतियोगिताओं को दो वर्गो** (हिंदी और हिंदीतर वर्गों) में आयोजित किया जाएगा । हिंदी वर्ग में हिंदी, पंजाबी, गुजराती व मराठी तथा सिंधी मातृभाषी तथा दूसरे वर्ग में शेष मातृभाषियों को रखा जाएगा ।

स्लोगन प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों को ए4 आकार के कागज पर तैयार स्लोगन/पोस्टर तथा तकनीकी लेखन प्रतियोगिता के लिए मूल हिंदी में लिखे गए तकनीकी लेख, **लिफाफे के ऊपर प्रतियोगिता एवं अपना नाम लिखकर राजभाषा अनुभाग में जमा करने होंगे** । स्लोगन, तकनीकी लेख तथा निबंध लेखन की पुरस्कृत प्रविष्टियों को गृह पत्रिका '**सड़क दर्पण**' में आवश्यकतानुसार प्रकाशित किया जाएगा ।

जारी ....

H.D. OM 2017

पखवाड़े के दौरान **हास्य कवि सम्मेलन** में आमंत्रित कवियों का काव्य पाठ होगा । इस कार्यक्रम में संस्थान के इच्छुक कार्मिकों को भी अपनी स्वरचित रचनाओं के पाठ/वाचन के लिए समय दिया जाएगा जिसकी सूचना संबंधित अधिकारी को पहले से राजभाषा अनुभाग को देनी होगी ।

संस्थान के नियमित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि तकनीकी लेख एवं हिंदी स्लोगन से संबंधित प्रतियोगिताओं के लिए अपनी प्रविष्टियां सीलबंद लिफाफे में भरकर निर्धारित तिथि तक राजभाषा अनुभाग में भिजवा दें । वैज्ञानिक/तकनीकी लेखों की सॉफ्टप्रति **sanjayc.crri@nic.in** पर भेजनी अनिवार्य है तथा अपनी प्रविष्टियों के साथ प्रतिभागियों को विधिवत हस्ताक्षरित घोषणापत्र (राजभाषा अनुभाग में उपलब्ध) संलग्न करना होगा । **काव्य पाठ के इच्छुक कार्मिकों एवं प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के** संबंध में राजभाषा अनुभाग को **अग्रिम सूचना दी जानी अपेक्षित** है ।

सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुखों से अनुरोध है कि हिंदी पखवाड़े के दौरान प्रस्तावित प्रतियोगिताओं एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए कृपया संपर्क अधिकारियों के साथ-साथ न्यूनतम 02 कार्मिकों की प्रतिभागिता/उपस्थिति सुनिश्चित करें एवं नामित/सम्मिलित होने वाले कार्मिकों की जानकारी राजभाषा अनुभाग को यथाशीघ्र भिजवा दें । यह निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

30.08.17.

**(संजय चौधरी)**
हिंदी अधिकारी

**प्रतिलिपि** -

1. निदेशक, केसअसं - सूचनार्थ
2. वरि. प्रशासन नियंत्रक कार्यालय
3 सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुख - व्यापक परिचालन एवं अनुभाग/प्रभाग से नामांकन भेजने हेतु ।
4. प्रभागीय प्रमुख, सीसीएन - इस कार्यालय ज्ञापन को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु ।
5. प्रभागीय प्रमुख, सिविल - सेमिनार हॉल में सफाई एवं गमले आदि रखने की व्यवस्था हेतु ।
6. प्रभागीय प्रमुख, आईएलटी - सूचनार्थ तथा मल्टीमीडिया व पखवाड़े की फोटो लेने के अनुरोध सहित ।
7. प्रमुख, टीएसडी - सूचनार्थ एवं विद्युत व एसी के सुचारू परिचालन की व्यवस्था हेतु ।
8. डा. रविंद्र कुमार, टीपी प्रभाग - दिनांक 26.09.2017 के तकनीकी प्रस्तुतीकरण की तैयारी हेतु ।
9. सभी सूचना पट्ट
10. कार्यालय प्रति

H.D. OM 2017